पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आर्मी एरिया

हिंदी-पखवाड़ा- 2024

प्रतिवेदन

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आर्मी एरिया में हिंदी-दिवस और हिंदी-पखवाड़ा मनाया गया। हिंदी-पखवाड़ा कार्यक्रम 06 सितम्बर से लेकर 20 सितम्बर तक हिंदी-अध्यापक व पखवाड़ा-कार्यक्रम प्रभारियों के नेतृत्व में सुचारु रूप से चलता रहा। इसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए :—

*सम्पूर्ण सितंबर माह में हिंदी भाषा में ही प्रार्थना-सभा का आयोजन किया गया।

* केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय से प्राप्त पत्र में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन विद्यालय स्तर पर किया गया।

* विद्यालय के कर्मचारियों को हिंदी में आधिकाधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

*विद्यार्थियों के द्वारा प्रतिदिन विशिष्ट कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी भाषा एवं साहित्य से सबंधित रचनाएँ प्रस्तुत की गईं।
*अहिन्दी भाषी शिक्षकों द्वारा प्रार्थना सभा मे प्रतिदिन राजभाषा हिन्दी, हिंदी भाषा के विकास क्रम एवं साहित्य से सम्बंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।

- विद्यालय में हिन्दी-पखवाड़े के अंतर्गत विद्यार्थियों हेतु अधोलिखित प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं :—
    1. सुलेख प्रतियोगिता
    2. भाषण प्रतियोगिता
    3. निबंध लेखन प्रतियोगिता
    4. समाचार वाचन प्रतियोगिता
    5. दोहा गायन प्रतियोगिता
    6. कविता पाठ प्रतियोगिता

■विद्यालय में शिक्षकों हेतु निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया
1 राजभाषा प्रश्नोत्तरी
2 सुलेख लेखन प्रतियोगिता
●समापन /परिणाम एवं पुरस्कार वितरण

- दिनांक 20-09-2024 को हिंदी-पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित किया गया। सर्व प्रथम प्राचार्य डॉ मालविका मलिक के संभाषण द्वारा हिंदी-पखवाड़ा-समापन समारोह में हिंदी-पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उन्होंने हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें हमारे दैनिक सरकारी कार्यों में अधिकाधिक हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। श्रीमती

पालिका स्नातकोत्तर शिक्षिका हिंदी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही हिंदी-पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्राचार्य

(डॉ मालविका मालिक)